षोडश

बिहार विधान सभा

नवम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{29 फाल्गुन, 1939 (श०)}}{\text{20 मार्च, 2018 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 03

(1) शिक्षा विभाग	..	..	02
(2) समाज कल्याण विभाग	..	..	01
		कुल योग —	03

कार्रवाई करना

31. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में कोर्स की गुणवत्ता को बेहतर करने और कैरियर संबंधी कोर्स चलाये जाने की योजना के तहत यू0जी0सी0 द्वारा 2014-15 से 2016-17 तक 326.35 करोड़ रुपये राज्य के विश्वविद्यालयों के लिये जारी किये गये है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राशि उपलब्ध रहने के बावजूद स्किल डेवलपमेंट की योजनाओं में बिहार का स्थान देश में 12वाँ है और जहाँ देश में कैरियर ऑरिएंटेड कोर्स 522, कम्यूनिटी कॉलेज 199 तथा बी-वोक संस्थान 162 खुले हैं वहीं बिहार प्रदेश के क्रमशः 15, 06, 02 ही खुले हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि तकनीकी शिक्षा के अवसरों की कम उपलब्धता के कारण बिहार प्रदेश के लाखों विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा के लिये बाहर के प्रदेश में जाते है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार विगत तीन वर्षों में कौशल विकास में अपेक्षित गति नहीं लाने के कारणों की जाँच कर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कम्प्यूटर शिक्षकों को नियोजित करना

32. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा के उद्देश्य से वर्ष 2008 से 2012 की अवधि में कम्प्यूटर शिक्षक की नियुक्ति/नियोजन की गयी थी जिसे दो वर्ष पूर्व हटा दिये जाने के कारण राज्य के सभी विद्यालयों में कम्प्यूटर की पढ़ाई नहीं हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार गजट असाधारण अंक में दिनांक 14 जुलाई, 2011 को अधिसूचित अधिसूचना संख्या 08/08-375, दिनांक 8 जुलाई, 2011 द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षक का पद अनिवार्य बताया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के सभी माध्यमिक विद्यालयों में पूर्व से कार्यरत कम्प्यूटर शिक्षकों को कबतक पुनः नियोजित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कुपोषण समाप्त करना

33. श्री शिवचन्द्र राम--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 19 जून, 2017 के अंक में छपी खबर "बिहार के भविष्य को लील रहा है कुपोषण" के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या लगभग 69 लाख है जिसमें से लगभग 48 फीसदी बच्चे कुपोषण के शिकार हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि करोड़ों रुपये सालाना खर्च के बाद भी राज्य में पिछले 7 साल में कुपोषण में मात्र 7 प्रतिशत की कमी आयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के बच्चों में कुपोषण को समाप्त करने के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 20 मार्च, 2018 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 124-डी0टी0पी0-500